दिनांक-2दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

प्रतिबंधित पॉलीथिन/कैरीबैग/प्लास्टिक लाओ और पौधा ले जाओ अभियान की 1 अगस्त दिन रविवार से हुई.शुरुआत

नगर पालिक निगम भिलाई स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की प्रतियोगिता में सम्मिलित है! नगर निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने एक नई पहल की शुरुआत दिन रविवार को है! जिसमें उद्यान विभाग के कुसुम कानन नर्सरी जोकि को कोसानाला टोल प्लाजा के पास स्थित है में प्रतिबंधित पॉलिथीन/पन्नी/प्लास्टिक लाने पर एक पौधा निशुल्क प्रदाय किया जाएगा इसका प्रमुख उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देकर शहर को स्वच्छ बनाना है! पूर्व में भी नगर निगम भिलाई द्वारा वेस्ट मटेरियल के उपयोग से पौधे तैयार करने का कार्य किया जा चुका है जिसमें वेस्ट नारियल को एकत्रित कर पौधे तैयार करने का कार्य किया जाता रहा है ! स्वच्छता एवं पर्यावरण की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत दिनांक 1 दिसंबर से प्रारंभ की जा चुकी है इस मुहिम का फायदा लोगों को भी मिलेगा जिसमें प्रतिबंधित पॉलिथीन प्रदाय करने से एक पौधा उनको निशुल्क मिल जाएगा जिसे वे अपने घरों में पौधारोपण कर हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी सहभागिता निभाएंगे! पौधा प्राप्त करने के लिए प्रतिबंधित पॉलीथिन/प्लास्टिक लाना अनिवार्य होगा इसके लिए वर्तमान में कुसुम कानन नर्सरी में संपर्क किया जा सकता है! प्राप्त होने वाले प्रतिबंधित पॉलिथीन को बेलिंग मशीन के माध्यम से कंप्रेस्ड कर अन्य आवश्यक कार्य जैसे सड़क निर्माण आदि के लिए उपयोग में लाया जा सकता है!

जनसंपर्क अधिकारी